तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 7 सितंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

छत्तीसगढ़ी लोकगायन, कथक, देवी स्तुति दिव्यांग बच्चों के सुरों ने दर्शकों का जीता दिल

4



## खबर संक्षेप

### बांस और सवई घांस से बनेंगे आकर्षक उत्पाद

**जशपुरनगर।** वनमण्डल अन्तर्गत कांसाबेल परिक्षेत्र की संयुक्त वन प्रबंधन समितियों में 4 सितंबर से महिलाओं को स्थानीय रूप से उपलब्ध बांस और सवई घांस से आकर्षक आभूषण, सजावटी वस्तुएं और अन्य कलात्मक उत्पाद बनाने की बारीकियाँ सिखाई जा रही हैं। इस पहल से महिलाएं आत्मनिर्भरता को प्राप्त करेंगी और आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। असम की प्रसिद्ध बांस कला विशेषज्ञ श्रीमती नीरा शर्मा, जिन्हें बैम्बू लेडी ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है, विशेष प्रशिक्षण शिविर का संचालन कर रही हैं। आगामी 15 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में स्थानीय रूप से उपलब्ध बांस और सवई घांस को ही आधारभूत सामग्री के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। पहले जिन संसाधनों का उपयोग सीमित रूप से होता था, अब वही साधन महिलाओं के लिए आय के नए अवसर लेकर आया है। इससे बनने वाले आकर्षक आभूषण, सजावटी वस्तुएं और अन्य कलात्मक उत्पाद उपयोगी होने के साथ ही घर एवं अन्य प्रतिष्ठानों की शोभा भी बढ़ाएगी। समिति की लगभग 30 महिला सदस्य इस प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं।

### निरीक्षण में अनुपस्थित रहे चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी

**अम्बिकापुर।** सख्त निर्देश के बाद भी पीएचसी, सीएचसी की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रह रहे है। इतना ही नहीं अस्पताल में मरीजों को जो दवाएं प्रदान की जा रही है उनपर मैन्युफैक्चरिंग डेट व एक्सपायरी डेट अंकित नहीं है। इस बात की पुष्टि खुद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के निरीक्षण में हुई है। जेडी ने धरमपुर और पम्पापुर के अनुपस्थित चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बता दें कि 4 सितम्बर को संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत आने वाले पीएचसी पम्पापुर और धरमपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। पीएचसी पम्पापुर में जांच के दौरान यह बात सामने आई कि अधिकारी कर्मचारी बिना कोई आवेदन दिए ही अवकाश पर जाते है जो एक बड़ी लापरवाही है। अस्पताल में आपत्कालीन ड्यूटी रोस्टर भी चस्पा नहीं था। एनएच किनारे पीएचसी को इंगित करने वाला बोर्ड नहीं था। इसके साथ ही अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह, एएमओ प्रज्वल सिंह 1 दिन, एएमओ श्रीमती प्रीति जायसवाल 3 दिन, श्रीमती श्रीति ओझा लैब टेक्निशियन 2 दिवस, श्रीमती सत्यभामा शर्मा एक दिवस अनुपस्थित तथा एएनएम प्रमिला सिंह 3 दिन अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए।

### बच्ची से कराई उठक-बैठक अब खड़ा होना मुश्किल

**अम्बिकापुर।** एक बच्ची से इतनी बार उठक बैठक कराई गई कि अब वह खड़ी तक नहीं हो पा रही है। मामला जिले के डीएवी प्रतापगढ़ का बताया जा रहा है। परिजन का आरोप है कि उठक बैठक के कारण उसके पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है। हैरानी की बात तो यह है कि स्कूल प्रबंधन ने परिजन को टाल मटोल कर वापस भेज दिया। छात्रा के परिजन ने इस मामले की शिकायत एसपी व आला अधिकारियों से करने के साथ ही जांच व कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि दूसरी कक्षा की एक बच्ची सीतापुर के गुतुरमा में अपने चाचा के घर रहकर प्रतापगढ़ स्थित डीएवी स्कूल में पढ़ाई करती है। छात्रा के बड़े पिता व पिता का आरोप है कि स्कूल में पढ़ाई के दौरान एक शिक्षिका ने बच्ची से लगभग 100 बार उठक बैठक कराई इसके साथ ही बच्ची के साथ मारपीट की। छात्रा ने बताया कि जब उसने शिक्षिका से बाथरूम जाने की अनुमति मांगी तो मोबाइल फोन देख रही शिक्षिका ने उसके पैर में दो डंडे मारे और फिर उठक बैठक कराई।

### रथ में विराजमान हुए भगवान मुनिसुव्रतनाथ,शहर में उमड़े श्रद्धालु

# उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पालन के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

दश लक्षण महापर्व के दसवें एवं अन्तिम दिन शनिवार को जैन समाज ने अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर नगर में ऐतिहासिक और भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया।

दोपहर तीन बजे जैसे ही भगवान को आकर्षक सजे-धजे रजत रथ में विराजमान कराया गया, मंदिर प्रांगण से लेकर नगर के प्रमुख मार्गों तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वातावरण पूरी तरह धार्मिक आस्था और भक्ति भाव से सराबोर हो उठा।



रथ पर सवार मुनिसुव्रतनाथ।



रैली में शामिल जैन समाज के सदस्य।

#### सुबह से ही चला धार्मिक क्रम

सुबह भगवान का अभिषेक, शांतिधारा और विशेष पूजन ,हवन से कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इसके बाद समाजजनों ने परिवार सहित सामूहिक विधान पूजा में भाग लिया। भक्तों ने अर्घ्य अर्पण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर वातावरण को पवित्र बनाया।

#### प्रवचन में मिला संयम का संदेश

योगेश भैया जी ने ब्रह्मचर्य धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "आत्मसंयम और इंद्रिय-निग्रह ही आत्मा की शुद्धि का सर्वोत्तम साधन है। सामूहिक पूजा और शोभायात्रा न केवल साधना का माध्यम है, बल्कि समाज में एकता और धार्मिक जागरण का प्रतीक भी है।"

#### चांदी के रथ ने खींचा आकर्षण

भगवान का रथ विशेष रूप से आकर्षक बनाया गया था।रथ के साथ चल रही धर्मध्वजाएँ और झंडे शोभा बढ़ा रहे थे। श्रद्धालु रथ के दर्शन करते ही नतमस्तक हो जाते थे।

#### मंदिर में सायंकालीन शांतिधारा

शोभायात्रा के पुनः मंदिर पहुँचने के बाद भगवान का अभिषेक एव शांतिधारा का आयोजन किया गया। महाआरती में 108 दीपों की रोशनी और भक्तों की आस्था से मंदिर परिसर आलोकित हो उठा जिसमें पुरूष, महिलायें, बच्चे सभी श्रद्धालु एक स्वर में संगीतकार के साथ आरती करते हुए सहभागी बने।

#### नगर भ्रमण करती रही शोभायात्रा

यह शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, पुरानी टोली, बाला साहब देशपांडे चौक, जिला अस्पताल, बालाजी मंदिर, महाराजा चौक और सन्ना रोड से होती हुई पुनः मंदिर प्रांगण पहुँची। नगर भ्रमण के दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने मार्ग में खड़े होकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ की आरती उतार कर जगह जगह समाजजनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

#### भक्ति गीतों से गूंजा नगर

शोभायात्रा में समाज के युवा ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ते रहे। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर वातावरण को और भी पावन बना दिया। बच्चे और किशोर बालक-बालिकाएँ पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर पूरे नगर में अहिंसा परमो धर्म और "महावीर स्वामी की जय" के जयकारे लगाते रहे।

#### उत्साह से सराबोर रहा शहर

जैन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि दशलक्षण पर्व आत्मशुद्धि और आत्मिक उत्थान का पर्व है। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर पूरे शहर में भ्रमण करती निकाली गई यह शोभायात्रा संयम, सदाचार, आत्मकल्याण का संदेश देती है और सुख शांति की कामना करती है।




# गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ, निकाली गई विसर्जन रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

शनिवार को नगर में 9 दिनों तक गणपति बप्पा की पूजा अर्चना के बाद गणेश विसर्जन रैली निकाली गई।

शहर के हिंद कॉलोनी गणेश समिति द्वारा बाजे गाजे , डीजे की धुन पर गणेश विसर्जन यात्रा निकाली गई हिंद कॉलोनी के सूरज अग्रवाल ,राजेश गुप्ता, वीरेंद्र तिवारी ,नीरज गुप्ता ,हैप्पी अग्रवाल ,कान्हा बंसल डब्बू अग्रवाल ,देवेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल सहित दर्जनों की संख्या में भक्तों ने विसर्जन यात्रा निकाली जगह-जगह भगवान गणेश जी का पूजा अर्चना की गई। मंडी समिति द्वारा भी गणेश विसर्जन रैली निकाली गई जहां कर्मा की धुन पर डीजे के साथ विसर्जन रैली निकाली गई विजविघ्न विनाशक गणेश समिति द्वारा आकर्षक सज्जा की गई थी आगे आगे समिति के सदस्य एक कलर के परिधान पहन कर शोभा यात्रा को चार चांद लगा रहे थे ।

शहर के कश्मीरी गली समिति, पुरानी बस्ती समिति एवं अन्य समितियां द्वारा भी धूमधाम से गणेश जी की विसर्जन रैली निकाली गई गणेश विसर्जन रैली के लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

# हाथियों का आतंकः कांसाबेल में चर्च पर धावा तोड़फोड़ कर खाद्य सामग्री किया चट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

हाथियों का आतंक अब जशपुर जिले के लोगों के लिए रोजमर्रा की समस्या बन गया है। कभी खेत उजाड़ना, कभी घर तोड़ना तो कभी धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुँचाना ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता जब हाथियों का उत्पात जिले में न दिखे।

बीती रात कांसाबेल विकासखंड के दोकड़ा गांव में हाथियों ने बिलिव्रस ईस्टर्न ⏭ शेष पेज 4 पर



हाथियों ने ढहाया चर्च।

#### चर्च में मचाया तांडव

ग्रामीणों के अनुसार, रात करीब ग्यारह बजे अचानक चार हाथी गांव में घुस आए। ये हाथी सीधे चर्च की ओर बढ़े और वहां जमकर उत्पात मचाया। उन्होंने चर्च की चारदीवारी को ध्वस्त कर दिया और पीछे बने कमरे को भी तहस-नहस कर दिया। कमरे में रखे बर्तन, खाद्यान्न और चावल को उन्होंने चट कर डाला। समाजसेवा कार्यों के लिए रखा गया अन्य सामान भी हाथियों के पैरों तले रौंद दिया गया। हाथियों की गर्जना और तोड़फोड़ से पूरा इलाका गूंज उठा। शोर सुनते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने मशालें और टॉर्च जलाकर, ढोल पीटकर और शोर मचाकर हाथियों को भगाने की कोशिश की। ग्रामीणों की हिम्मत और सामूहिक प्रयास से हाथी तो जंगल की ओर लौट गए, लेकिन तब तक वे चर्च और उसके आसपास भारी नुकसान कर चुके थे।

#### वन विभाग की टीम सक्रिय

वन विभाग की रेंजर प्रभावती चौहान ने बताया कि विभाग की टीम लगातार हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि इस घटना में हुए नुकसान का आकलन कर प्रभावितों को शीघ्र ही मुआवजा राशि दिलाई जाएगी। चौहान ने ग्रामीणों से अपील की है कि हाथियों के दल के पास न जाएं और किसी भी घटना की तुरंत सूचना वन विभाग को दें।

#### ग्रामीणों की पीड़ा व प्रशासन से सवाल

ग्रामीणों ने हाथियों के लगातार बढ़ते आतंक पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि आए दिन खेतों की फसलें बर्बाद हो रही हैं, घर टूट रहे हैं और अब धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नहीं हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वे भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

### सड़क हादसे में बाइक सवार क्लीनर की मौत

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डूमरडीह में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार क्लीनर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बाइक का पहिया घटनास्थल से 200 मीटर दूर जा गिरा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोज की तरह गुरूवार की शाम सूरजपुर से भवानी बस यात्रियों को लेकर उदयपुर पहुंची थी। यात्रियों के उतर जाने पर चालक जनपद कार्यालय परिसर में बस को खड़ी कर भोजन बनाने की तैयारियों में जुट गया जबकि ग्राम लैंगा निवासी क्लीनर जयपाल आ.स्व.गेंदाराम किसी काम से बाइक से पुलिस थाना की ओर चला गया। इस दौरान रात्रि लगभग 8.30 बजे विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह बाइक से गिर गया तथा घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई वहीं बाइक का पहिया 200 मीटर दूर जा गिरा।

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के सुतरी गांव में शनिवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा घटित हो गया। यहां 75 वर्षीय वृद्ध किसान सोनोराम यादव की मौत पड़ोसी द्वारा बिछाए गए नंगे बिजली तार की चपेट में आने से हो गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। परिजन गहरे सदमे में हैं और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

सुबह-सुबह घास काटने निकले थे सोनोराम मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की भोर में सोनोराम यादव रोज़ की तरह मवेशियों के लिए घास काटने खेत की ओर निकले। जैसे ही वे अपने घर के पास स्थित बाड़ी से होकर गुजरे, अचानक वहां बिछाए गए नंगे बिजली तार की चपेट में आ गए। तेज करंट लगते ही वृद्ध किसान मौके पर ही गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि करंट का झटका इतना तेज था कि उनके शरीर के कई हिस्सों में गंभीर झुलसने के निशान पड़ गए। आनन-फानन में अस्पताल ले गए परिजन घटना की भनक लगते ही आसपास के ग्रामीण और परिजन दौड़े। आनन-फानन में उन्हें बगीचा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# राज्यपाल पुरस्कार के लिए शिक्षक रवि का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ शिक्षक दिवस के दिन शिक्षा मंत्री ने की घोषणा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक रवि गुप्ता का छत्तीसगढ़ के शिक्षकों के लिए सर्वोच्च सम्मान राज्य शिक्षक सम्मान राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयन हुआ है। इसकी घोषणा स्वयं छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री ने की।

शिक्षक रवि गुप्ता विगत 16 वर्षों से शासकीय शिक्षक के रूप में कार्य कर रहे है। सर्व प्रथम 2009 से 2018 तक प्राथमिक शाला लोखंडी में एवं 2018 से पीएम श्री शाला बघिमा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में नित्य नवाचार करने हेतु एवं बच्चों को विभिन्न प्रकार के टी एल एम एवं तकनीकी का प्रयोग करके पढ़ाने हेतु शिक्षक रवि गुप्ता जाने जाते हैं। बच्चों के अंग्रेजी एवं हिंदी पठन कौशल के विकास हेतु शिक्षक के द्वारा विशेष नवाचार कार्य किया गया एवं अंग्रेजी विषय सिखाने के लिए बच्चों के लिए कई प्रकार के वीडियो भी बनाई जिससे उन्होंने छोटे बच्चों को आसान तरीके से अंग्रेजी भाषा को सिखाया एवं यूट्यूब में उनके अंग्रेजी से संबंधित वीडियो में हजारों लोग देख चुके है। अंग्रेजी विषय से स्नाकोत्तर एवं बीएड डिग्री प्राप्त शिक्षक रवि गुप्ता ने एजी इंग्लिश फॉर किड्स नाम की एक बहुत ही उपयोगी अंग्रेजी पुस्तक भी लिखी है। गणित विषय से संबंधित भी उन्होंने कई उपयोगी टीएलएम बनाए है, जिसका वे अध्यापन में नियमित उपयोग करते हैं। शिक्षक रवि कुमार गुप्ता विगत 7 वर्षों से पीएम श्री प्राथमिक शाला बघिमा में कार्यरत है। 2018 में विद्यालय सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम शाला घोषित हुआ एवं शिक्षक का विद्यालय में अध्यापन हेतु चयन हुआ। उस समय ग्रामीण क्षेत्र में सीबीएसई पाठ्यक्रम में अंग्रेजी माध्यम में बच्चों को सिखाना एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य था, परंतु शिक्षक ने अपने जज्बे एवं जुनून के साथ मेहनत किया एवं नित्य अन्य शिक्षकों के सहयोग से बच्चों का एवं विद्यालय का विकास होता गया। और आज विद्यालय की दर्ज संख्या इस वर्ष 100 से भी ऊपर है।

# एसएसपी धर्मपत्नी के साथ गणेश पंडालों में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ लिया आशीर्वाद, जिले के नागरिकों के लिए सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की

गणेश उत्सव के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रेखा सिंह के साथ आज विभिन्न गणेश पंडालों में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने श्रद्धापूर्वक गणपति भगवान की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

**गणेशोत्सव केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं: सिंह-** पंडाल भ्रमण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गणेश उत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समाज को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो आपसी भाईचारे, सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश देता है। उन्होंने उपस्थित आयोजकों एवं श्रद्धालुओं से शांति और कानून व्यवस्था में सहयोग करते हुए इस उत्सव को मिल-जुलकर मनाने की अपील की।



धर्मपत्नी के साथ गणेशजी का दर्शन करते एसएसपी।

#### पुलिस सदैव आपकी सेवा एवं सुरक्षा के लिए तत्पर

पूजा-अर्चना के उपरांत उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों के लिए सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की, उन्होंने कहा कि पुलिस सदैव जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर है तथा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करती रहेगी।

#### समिति के सदस्यों ने किया आभार व्यक्त

गणेश पंडालों में पहुंचने पर स्थानीय समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व उनकी धर्मपत्नी का स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया।

### रायगढ़-पत्थलगांव हाईवे स्थित नन्दनझरिया पुल जर्जर

# कभी भी हो सकती है दुर्घटना, तत्काल मरम्मत की ज़रूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रायगढ़ हाईवे से जशपुर जिले के प्रवेश द्वार पर मंगलमयी यात्रा का बड़ा बोर्ड अवश्य लगा हुआ है लेकिन यहां नन्दनझरिया के जर्जर पुल पर हर समय धराशाई होने का बड़ा खतरा मंडरा रहा है।

पत्थलगांव - रायगढ़ हाईवे पर स्थित इस बेहद जर्जर हालत का पुल पर कभी भी बड़ी दुर्घटना को लेकर हर कोई चिंतित है। सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष तथा पत्थलगांव विधायक गोमती साय का कहना है कि नन्दनझरिया पुल की जर्जर हालत को देखकर लोगों की चिंता बढ़ जाना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि यहां नए पुल निर्माण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। दरअसल, वर्षों पुराने इस जर्जर पुल के दोनों किनारों पर जानलेवा गड्ढों से वाहनों का आवागमन भी मुश्किल भरा हो गया है। यह मुख्य सड़क बेहद जर्जर हो जाने से यात्री बसें और अन्य वाहनों पर सवार लोगों को अब जान जोखिम में डालकर इस क्षतिग्रस्त पुल का उपयोग करना पड़ रहा है। इन दिनों भारी बारिश के कारण जशपुर जिले में बगीचा क्षेत्र में भूस्खलन तथा अन्य इलाकों में नदियों के उफान से मिट्टी का कटाव बढ़ा है, इसी क्रम में पत्थलगांव के समीप नन्दनझरिया का जर्जर पुल के नीचे से लगातार टूटफूट दिखाई दे रही है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इस पुराने पुल पर वाहनों का आवागमन को ख़तरों से भरा मानने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां नए पुल का निर्माण तत्काल शुरू करना चाहिए।किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।



जर्जर पुल से गुजरता हाईवा।



पुल के पहले कीचड़ युक्त सड़क से गुजरते वाहन।

# 25 साल की युवती शादी का झांसा देकर भगा ले गई नाबालिग लड़का

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

समाज का विकृत रूप ऐसा भी देखने को मिलेगा सभ्य समाज के कल्पना से भी परे है। एक 25 साल की युवती केवल अपनी शारीरिक मांग को पूरा करने के लिए किसी नाबालिग लड़के को भागकर दूसरे राज्य तेलंगाना ले गई और वह उसका शारीरिक शोषण भी किया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 अगस्त को 25 को चौकी कोतबा क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम के प्रार्थी ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया था, कि 25 अगस्त को उसी के गांव की एक 25 वर्षीय युवती उसके 17 वर्षीय नाबालिग बेटे को बहला फुसलाकर कर ले गई है। आस पड़ोस व सभी संभावित जगहों पर पता साजी किए कहीं पता नहीं चला।



#### आरोपिया को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया

मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि कोतबा क्षेत्र में एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने वाली बालिग आरोपिया को तेलंगाना राज्य से ढूंढकर लाया गया है, विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

#### आरोपिया ने किया अपराध स्वीकार

आरोपिया के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत ⏭ शेष पेज 4 पर

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 व 10 अक्टूबर को

**बलरामपुर**। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 व 10 अक्टूबर को किया जाना है। जिसके लिए नियोक्ता पंजीयन एवं अभ्यर्थियों के आवेदन की प्रक्रिया ई-रोजगार पोर्टल की साइट ई-रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओव्ही डॉट ईन में की जा रही है। मेले के लिए उपलब्ध रिक्तियों 6,650 से अधिक है जो पोर्टल के मेन्यू के अंतर्गत लिंक पर देखी जा सकती है। उन्होंने इस संबंध में बताया है कि जिले के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने मेला के लिए आवेदन किया है, जिला लॉगइन के डैशबोर्ड पर उनकी सूची पूर्ण तथा अपूर्ण प्रोफाइल दो वर्ग में देखी जा सकती है। जिन अभ्यर्थियों का नाम सूची क्रमांक 2 में है वे अपनी जानकारी पूर्ण कर लेवें। जिनका नाम सूची क्रमांक 1 मे है वे रिक्तियों का चयन कर अपनी प्रोफाइल जल्द पूर्ण कर लें।

### आरटीओ ई-चालान के नाम पर की जा रही है साइबर ठगी

**बलरामपुर**। साइबर ठग अब ट्रैफिक नियम तोड़ने के नाम पर आरटीओ का ई चालान भेजकर लोगों से ठगी को अंजाम दे रहे है। ठग लोगों के मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर उनसे ठगी करने के साथ ही व्यक्तिगत जानकारी और जमा खातों से पैसे चुरा ले रहे है। ऐसे में परिवहन विभाग ने लोगों को झांसे में नहीं आने व जागरूक रहने की सलाह दी है। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में आरटीओ ई-चालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे हैं। जिसमें नकली ई-चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में डराने वाले संदेश के माध्यम से लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से पैसे चुरा लेते हैं। परिवहन विभाग ने लोगों से आह्वान किया है कि ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए मैसेज लिंक जैसे (डॉट एपीके फाइल) पर क्लिक न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट ई चालान डॉट परिवहन डॉट जीओव्ही डॉट ईन पर जाकर ई-चालान के पेज पर पे ऑनलाइन पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड डालकर गेट डिटेल पर क्लिक कर मोबाईल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुलिस एवं परिवहन के प्रवर्तन अमले द्वारा जब भी ई-चालान किया जाता है तो पंजीकृत मोबाइल में संबंधित को टेक्स्ट मैसेज आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही भेजे जाते हैं। परिवहन विभाग ने बताया है कि यदि आपको किसी ई-चालान मैसेज के साथ कोई लिंक मिलता है तो उस पर कभी क्लिक न करें। कभी भी किसी अजनबी को ऑनलाईन पैसे का भुगतान न करें, और अपने खाते से किसी भी लेने-देन से सावधान रहें। किसी भी धोखेबाज कॉल, संदेश या ऐप के संबंध में निकट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

### गौ तस्करी के मामले में दो गिरफ्तार, सात मवेशी बरामद

**रामानुजगंज**। गौ तस्करी कर रहे दो लोगों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम बेलसर में शुक्रवार की सुबह बाबूलाल रवि व मेवा लाल रवि पैदल ही गौवंश को लेकर गढ़वा झारखंड बूचड़खाना ले जा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय ग्रामीण सहित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गो तस्करी में शामिल दो सदस्यों को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात मवेशी बरामद किए गए। इस दौरान मरमा के बजरंग दल ने कार्रवाई की मांग की है।

### बोरी में अंग्रेजी शराब व बीयर लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर**। क्षेत्र में खपाने के लिए बोरी में भरकर अंग्रेजी व बियर लेकर जा रहे युवक को संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व उड़न दस्ता की टीम बलरामपुर जिले के थाना त्रिकुंडा ग्राम चेरा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान चेरा मेन रोड पर एक बाइक सवार काफी तेज रफ्तार से आ रहा था। जिसे देख उड़नदस्ता की टीम न पीछा कर रोका और पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम राज कुमार पटवा और ग्राम सुलसुली निवासी बताया। टीम ने युवक के बाइक में बंधे बोरी की तलाशी ली तो बोरी में अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद किया। पूछताछ में युवक ने बताया कि एक पेटी अंग्रेजी शराब उत्तर प्रदेश के परसापाली तथा एक पेटी बियर खरीद कर ला रहा था। संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने बाइक सहित अंग्रेजी शराब व बीयर को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने युवक के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) 59 (क) 36 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### गौ तस्करी के मामले में दो गिरफ्तार, सात मवेशी बरामद

**रामानुजगंज**। गौ तस्करी कर रहे दो लोगों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम बेलसर में शुक्रवार की सुबह बाबूलाल रवि व मेवा लाल रवि पैदल ही गौवंश को लेकर गढ़वा झारखंड बूचड़खाना ले जा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय ग्रामीण सहित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गो तस्करी में शामिल दो सदस्यों को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात मवेशी बरामद किए गए।



### हरिभूमि की रंगोली, मेहंदी व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित

# हरिभूमि से मिलता है प्रतिभा प्रदर्शन का प्लेटफार्म

गौरव पथ स्थित हरिभूमि कार्यालय में शनिवार को हरिभूमि द्वारा व्यापार व उद्योग मेले में आयोजित रंगोली, मेहंदी एवं विश्व महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का शहर के विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि हरिभूमि के विविध आयोजनों से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का प्लेटफार्म मिल जाता है।

**बिलासपुर**। कार्यक्रम के आरंभ में हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने हरिभूमि द्वारा साल भर कराई जाने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरिभूमि के किसी भी आयोजन में प्रतिभागियों का दोगुना उत्साह देखने को मिलता है। वे बड़ी शालीनता व अनुशासन में आकर अपना पुरस्कार प्राप्त करते हैं। यह हरिभूमि परिवार के लिए बहुत सुखद क्षण होता है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि आगे भी सभी प्रतिभागी इसी तरह हरिभूमि के आयोजनों में भाग लेकर उत्साहवर्धन करते रहेंगे। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषि, राजेश सानन, भुवन देवांगन, डेजी नाथ, अंजना शर्मा, रेखा साहू, नाजिया खान, शेख असलम सहित हरिभूमि परिवार के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे ।

#### प्रतिभागी अपनी प्रतिभा लाना चाहते हैं सामने



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया ने कहा कि हरिभूमि वर्षों से तरह तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। इसमें भाग लेने वाली प्रतिभागी महिलाएं काफी उत्साहित व प्रोत्साहित हो रही हैं। इस बात का अंदाजा हर साल महिलाओं, युवतियों की बढ़ रही संख्या से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा को सामने लाने का अवसर मिलता है।

#### हर आयु वर्ग को मिल रहा भाग लेने का अवसर



विशिष्ट अतिथि बीएनआई ग्रुप के किरण पाल सिंह चावला ने कहा कि हरिभूमि द्वारा आयोजित रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता से हर आयु वर्ग को भाग लेने का अवसर मिल रहा है। अलग-अलग वर्षों में प्रत्येक प्रतिभागी विजेता भी बन रहे हैं। वहीं हरिभूमि के इन आयोजनों से भारतीय संस्कृति जीवंत बन रही है। इसके लिए हरिभूमि परिवार के लोग साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि हरिभूमि के आयोजनों को लेकर शहर के पैरेंट्स भी जागरूक हैं। वे अपने बच्चों को इन स्पर्धाओं में भाग लेने निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं। पैरेंट्स की इसी जागरूकता का परिणाम है कि प्रतिभागियों की संख्या हर साल बढ़ रही है।

#### महिलाएं, बच्चे हो रहे प्रोत्साहित



विशिष्ट अतिथि एरिना मल्टीमीडिया के संचालक संदीप गुप्ता ने कहा कि ऐसे विविध तरह का आयोजन कर हरिभूमि पाठकों को जोड़ने का काम कर रहा है। साल में होने वाली रंगोली, मेहंदी, स्वस्थ शिशु व सामान्य ज्ञान स्पर्धा से महिलाएं, बच्चे प्रोत्साहित हो रहे हैं। इन स्पर्धाओं में भाग लेने वे निरंतर आगे आ रहे हैं। यह हरिभूमि की इन आयोजनों की सफलता को दर्शाता है।





#### सोने की अंगूठी पाकर खिला चेहरा

महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही आसमां सिटी निवासी भारती दुबे का चेहरा सोने की अंगूठी पाकर खिल उठा। उन्होंने कहा कि वे हरिभूमि की नियमित पाठक हैं। उन्हें हरिभूमि लाइव, सहेली पत्रिका पढ़ना पसंद है।

#### नारी शक्ति पर उकेरी रंगोली

रंगोली 26 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान व मेहंदी में द्वितीय स्थान पर रहीं अज्ञेय नगर निवासी नंदिनी जांगड़े ने नारी शक्ति पर रंगोली एवं ब्राइडल मेहंदी बनाई थी। नंदिनी ने कहा कि उनकी कला को हरिभूमि की ओर से मिल रहे रिस्पांस से उत्साह दोगुना हुआ है।

#### गणपति बप्पा ने बरसाई कृपा

रंगोली 26 से अधिक आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता जोरा पारा सरकण्डा की ज्योति शर्मा ने रंगोली में गणपति बप्पा की आकृति बनाई। उनका मानना है कि गणपति बप्पा ने ही उन्हें यह पुरस्कार दिलाया है। ज्योति इसके पहले प्रथम पुरस्कार विजेता भी रह चुकी हैं।

#### हरिभूमि का हर आयोजन पसंदीदा

रंगोली 5 से 15 वर्ष में तृतीय स्थान पर रहीं चिंगराज पारा की साक्षी देवांगन का हरिभूमि का हर आयोजन पसंदीदा है। उन्होंने रंगोली में माखन खाते कान्हा का चित्र बनाया था, जिसे काफी पसंद किया गया था।

#### गौ सेवा की थीम पर बनाई मेहंदी

मेहंदी 26 वर्ष आयु वर्ग से अधिक में प्रथम पुरस्कार विजेता चिंहराज पारा की दामिनी कश्यप को हरिभूमि के इन आयोजनों में निरंतर इनाम मिल रहा है। वे विगत तीन साल से पहला इनाम प्राप्त कर रही हैं। इस बार उन्होंने मेहंदी में गौ सेवा की थीम पर द्वारिकाधीश की आकृति बनाई।

#### पहले अवसर में मिला इनाम

मेहंदी में विशेष पुरस्कार विजेता भूमिका यादव तालापारा को पहले अवसर में ही पुरस्कार मिल गया। इससे वह काफी खुश दिखीं। इन्होंने मेहंदी में अरेबिक मेहंदी डिजाइन किया था। वे कहती है कि हरिभूमि के आयोजन से उसे काफी प्रेरणा मिली है।

#### महिलाओं के लिए है उपयोगी

सामान्य ज्ञान स्पर्धा में विशेष पुरस्कार विजेता वर्षा मोहंती हेमूनगर ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को महिलाओं के लिए उपयोगी बताया और कहा कि हरिभूमि की सहेली पत्रिका उन्हें अच्छी लगती है। इसमें हर पर्व, त्योहार का अलग-अलग जिक्र रहता है।

#### मिल चुके हैं कई इनाम

रंगोली 16 से 25 वर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त ज्योति महिलांगे सालों से हरिभूमि के आयोजनों में भाग ले रही हैं। वे बताती हैं कि हर साल उन्हें कुछ न कुछ पुरस्कार अवश्य मिलता है। इसके पहले उन्हें पहला पुरस्कार भी मिला था। इससे वे स्वयं प्रोत्साहित तो होती ही हैं।

#### मिल रही निपुणता

मेहंदी 16 से 25 वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त विजेता सिरगिट्टी की शिखा यादव बचपन से मेहंदी लगा रही हैं। हरिभूमि के आयोजन में उन्होंने दुल्हन मेहंदी लगाई थी, जिसे निर्णायकों ने पसंद किया और उन्हें स्थान मिल गया। निरंतर भाग लेने से भी कला में निपुणता आती है।

#### दर्शाई देवी के प्रति आस्था

रंगोली में विशेष पुरस्कार विजेता बंधवापारा निवासी कुमुद सोनी ने बताया कि उन्होंने। रंगोली में मां काली का रूप बना कर देवी के प्रति अपनी आस्था को दर्शाया था और आज वे विजेता के रूप में ईनाम ले रही हैं। यह उनके लिए बहुत ही खुशी का पल है।
















**ये रहे विजेता :** हरिभूमि द्वारा महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार भारती दुबे आसमा सिटी सोने की अंगूठी, द्वितीय गुलापा बाई नेहरूनगर बालको मिक्सर ग्राइंडर, तृतीय आशा दुबे 27 खोली बिलासपुर डिनर सेट, चतुर्थ नीतू रानी डिपूपारा तारबाहर इलेक्ट्रॉनिक आयरन, विशेष पुरस्कार मनोरमा कौशिक यदुनंदन नगर तिफरा, वर्षा मोहंती हेमूनगर, नीतू कुमारी चरचा कालरी कोरिया, योगिता जबड़ापारा, प्रियंका पाण्डेय बंगालीपारा, रंगोली प्रतियोगिता 5 से 15 वर्ष में प्रथम पुरस्कार मीनाक्षी साहू चिंगराजपारा, द्वितीय रीतिका साहू चिंगराजपारा, तृतीय साक्षी देवांगन चिंगराजपारा, विशेष पुरस्कार कुमुद सोनी बंधवापारा, चंचल सोनी अशोक विहार, वैष्णवी गुप्ता बंधवापारा, मंजरी सिंग ठाकुर राजकिशोर नगर, वसुंधरा सिंग अशोक नगर, 16 से 25 वर्ष में प्रथम पुरस्कार लक्षिता यादव कोनी, द्वितीय ज्योति महिलांगे महाराणा प्रताप चौक, तृतीय पुरस्कार विरासिनी ताम्रकार रतनपुर, 26 वर्ष से ऊपर में प्रथम पुरस्कार नंदिनी जांगड़े, द्वितीय ज्योति शर्मा जोरापारा सरकंडा, तृतीय पुरस्कार अल्का देवांगन, मेहंदी प्रतियोगिता 5 से 15 वर्ष में प्रथम पुरस्कार सरगम कश्यप सरकंडा, द्वितीय नुपुर विश्वकर्मा चिंगराजपारा, तृतीय प्रिंसी ठाकुर बहतराई, विशेष पुरस्कार अंजुम प्रवीण मगरपारा, प्रियांशी सोनी अशोकनगर, शारदा परिहार सरकंडा, अनुप्रिया कुमारी मंगला, सौम्या साहू मंगला, सोनम कुशवाहा अमेरी, प्रतिभा साहू चिंगराजपारा, आरूषि गढ़ेवाल राजीव गांधी चौक, 16 से 25 वर्ष में प्रथम पुरस्कार विरासिनी ताम्रकार रतनपुर, द्वितीय ज्योति महिलांगे महाराणा प्रताप चौक, तृतीय शिखा यादव सिरगिट्टी, विशेष पुरस्कार श्रद्धा बिंझवार भरनी, श्रुति चौहान कतियापारा, पूर्णिमा राजपूत उसलापुर, प्रियांशी साहू चिंगराजपारा, प्रियांशी नामदेव लिंगियाडीह, आयुषि देवांगन राजकिशोर नगर, भूमिका यादव तालापारा, 26 वर्ष से ऊपर में प्रथम पुरस्कार दामिनी कश्यप चिंगराजपारा, द्वितीय नंदिनी जांगड़े अज्ञेयनगर, तृतीय पुरस्कार ज्योति यादव तालापारा को प्राप्त हुआ।



















# बागी 4 में विलेन बनकर छा गए संजय

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'बागी 4' रिलीज हुई। इस फिल्म में संजय दत्त खूंखार विलेन के रोल में नजर आए। सोशल मीडिया पर फिल्म देखने के बाद यूजर्स ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ मोहब्बत में हर हद पार करते हुए नजर आए। वहीं, विलेन के रोल में संजय दत्त छा गए। एक एक्स (ट्विटर) यूजर ने फिल्म देखने के बाद संजय दत्त की एक्टिंग की तारीफ की। यूजर ने लिखा, 'संजय दत्त एक जादू है, वह सिर्फ खलनायक का किरदार नहीं निभाते हैं, आपको उसके गुस्से, दर्द का अहसास भी कराते हैं। बागी 4 में संजय दत्त की फिल्म वास्तव की क्रूरता, भावनात्मकता की झलक भी मिलती है। टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म 'बागी 4' में संजय दत्त को सेंटर ऑफ अट्रैक्शन हैं। कई चर्चित कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, इसमें हरनाज कौर संधू, सोनम बाजवा, श्रेयस तलपड़े और सौरभ सचदेवा अहम किरदारों में दिखाई दिए।

लाइफ Style



# अनन्या
## मोतियों से जड़ी ड्रेस में दिखीं खूबसूरत

अनन्या पांडे ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपना एक शानदार वीडियो शेयर किया है। अनन्या के यह लेटेस्ट लुक का मजाक उनके पिता चंकी पांडे ने अपनी राय पेश की है। अनन्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच अनन्या ने अपना एक स्टाइलिश लुक में वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अनन्या का यह लुक उनके पिता चंकी पांडे को कैसा लगा, इस बात का खुलासा अनन्या ने खुद किया है। अनन्या पांडे ने आज इंस्टाग्राम पर अपना खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनन्या पहले मेकअप करती नजर आ रही हैं। बाद में अनन्या मोतियों से जड़ी ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। इस शानदार वीडियो के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मेरे पिता जी (चंकी पांडे) यह नहीं कह रहे हैं कि मेरा ग्लैमर किसी कॉमेडी शो जैसा लग रहा है। यह वीडियो आपके लिए है।' सिंगर कनिका कपूर और अनन्या की मां भावना पांडे ने लाल दिल वाले स्माइली इमोजी बनाए हैं। निर्देशक प्रियंका कपाड़िया ने लिखा, हाहाहा, क्या हमें अपनी बातें बतानी चाहिए। एक फैन ने लिखा, मुझे बहुत पसंद आया, एक और फैन ने लिखा, नया हेयर स्टाइल अपना रही हैं अनन्या, क्या आपको ये हेयर स्टाइल पसंद है? एक फैन ने लिखा, बहुत पसंद आया। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान कर रहे हैं। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स ने किया है। यह फिल्म अगले वैलेंटाइन पर सिनेमाघरों में 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला



# 55 फिल्मों, 10 टीवी शोज में कर चुके हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** डेनजेल वाशिंगटन उन सितारों में शुमार हैं, जिन्हें इंडस्ट्री में सबसे अधिक सम्मान मिलता है। अपने 6 दशक लंबे करियर में उन्होंने खुद को एक ऐसे अभिनेता के रूप में स्थापित किया है, जिसने दो ऑस्कर जीते हैं। कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। यह उनके कॅरियर की 55वीं फिल्म है। इसके अलावा वह लाइसेंस टू किल से ग्रेज एनाटॉमी' समेत 10 टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेनजेल वाशिंगटन की 55 रिलीज फिल्मों ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 4.9 बिलियन डॉलर यानी 43178 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।




# दर्शकों को कम डरा पा रही द कॉन्ज्यूरिंग 4

**लॉस एंजिल्स।** द कॉन्ज्यूरिंग यूनिवर्स का अंतिम भाग 'द कॉन्ज्यूरिंग: लास्ट राइट्स' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म को देखने के बाद एक्स पर यूजर्स प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोगों द्वारा फिल्म को मिले-जुले रिएक्शंस मिल रहे हैं। एक यूजर ने कहा, 'पूरी तरह से निराशाजनक है। हॉरर और थ्रिलर के प्रशंसकों के लिए इसमें कुछ भी नया या दिलचस्प नहीं है। यह समय की बर्बादी और एक बड़ी निराशा है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि ये फिल्म अन्य भागों की तरह नहीं है। 'द कॉन्ज्यूरिंग' फिल्म के जितने भी पार्ट हैं, वो सच्ची घटनाओं पर आधारित हैं। इन फिल्मों में पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन द्वारा की गई वास्तविक केस को फिल्म के माध्यम से दिखाया गया है। 'द कॉन्ज्यूरिंग: लास्ट राइट्स' इस सीरीज का अंतिम भाग है।



# मलयालम फिल्म लोका की फैन बनीं प्रियंका

**मुंबई।** मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' को सिनेमाघरों में 10 दिन हो चुके हैं। हाल ही में यह हिंदी वर्जन में भी दर्शकों को देखने को मिल रही है। इस फिल्म की तारीफ बॉलीवुड सेलेब्स भी कर रहे हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म लोका को सराहा। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'भारत की पहली वुमन सुपरहीरो आ गई है। फिल्म 'लोका' की पूरी टीम को बधाई। यह कहानी मलयालम में पहले से ही लोगों का दिल जीत रही है। अब यह हिंदी में भी आ गई है। मैंने इसे अपनी वॉचलिस्ट में पहले ही जोड़ लिया है। मलयालम फिल्म लोका एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर हैं। वह बेंगलुरु में रहने आई है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है।



# किंग फिल्म के सेट से लीक हुआ शाहरुख का लुक!

**मुंबई।** हाल ही में शाहरुख खान ने अपनी फिल्म किंग की शूटिंग शुरू की है। सोशल मीडिया पर 'किंग' फिल्म का एक लुक वायरल हो रहा है। इसमें शाहरुख खान काफी अलग नजर आ रहे हैं। अब तक उन्होंने किसी भी फिल्म में ऐसा एक्सपेरिमेंट अपने लुक के साथ नहीं किया था। इस फिल्म में उनके साथ बेटी सुहाना खान भी दिखाई देंगी। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होने वाली है। हाल ही में इस फिल्म के एक शूटिंग शेड्यूल पर शाहरुख खान मौजूद दिखे। इस शूटिंग सेट से कुछ वीडियो, फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें शाहरुख का लुक किंग मूवी में कैसा होगा, इसका अंदाजा फैंस को हो गया। शाहरुख काफी बदले हुए नजर आए। एक धुंधली से तस्वीर में उनके बालों का रंग ग्रे कलर का नजर आया। वहीं, एक वीडियो में वह अपने सिर को कवर करते हुए दिखे।

टीवी मसाला



# बसीर बने नए कैप्टन, तान्या-जीशान से भिड़ने के बाद रोईं कुनिका

नई दिल्ली। बिग बॉस 19 में पहले दिन से ही हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। इसमें कंटेस्टेंट के बीच नोक-झोक और बहस से लेकर टास्क व कैप्टेंसी तक को लेकर तकरार देखने को मिल रही है। घर में तान्या मित्तल की एक के बाद एक हरकतें लगातार उन्हें चर्चाओं में बनाए हुए हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में तान्या और कुनिका सदानंद के बीच फिर तगड़ी बहस देखने को मिली है। वहीं, घर की कप्तानी भी अब बसीर अली के पास पहुंच गई है। कुनिका ने शिकायत की कि तान्या को कुछ गंभीर समस्याएं हैं। उन्होंने बताया कि तान्या कभी किसी बात को नहीं छोड़तीं। दूसरी ओर तान्या और अशनूर कौर के बीच एक बड़ी तुलना करते हुए कुनिका ने खुलासा किया कि अगर अशनूर गपशप करना बंद कर दें, तो वह उन्हें अपनी बहू के रूप में देखना पसंद करेंगी। इसके बाद जब अशनूर ने कुनिका से इस बारे में बात की तो तान्या और कनिका की बहस छिड़ गई। तान्या ने जहां कुनिका के सबके सामने उन्हें घासलेट कहे जाने पर नाराजगी जताई, तो वहीं कुनिका को घमंडी बताते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है हर कोई उनका विरोध करता है, तो वो बातचीत ही न करें या कम करें।

# कीकू शारदा नहीं छोड़ रहे द ग्रेट इंडियन कपिल शो

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में नजर आ रहे कीकू शारदा के फैंस का गहरा धक्का लगा, जब उन्हें ये खबर मिली की एक्टर-कॉमेडियन ने शो छोड़ दिया है। क्योंकि, वह अशनीर ग्रोवर के 40 दिन चलने वाले रियलिटी शो 'राइड एंड फॉल' में नजर आएंगे। इसी कारण



रिपोर्ट्स आने लगीं कि कृष्णा अभिषेक से बहस के बाद अब उन्होंने कपिल के शो से किनारा कर लिया है। लेकिन, अब इसके पीछे की असली वजह सामने आई है। कीकू शारदा ने तय किया है कि वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सीजन पूरा करने के बाद ही अशनीर ग्रोवर के 'राइज एंड फॉल' का हिस्सा बनेंगे। कीकू शो नहीं छोड़ रहे है। आप उन्हें आने वाले एपिसोड्स में देखेंगे। उन्होंने अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले शो की शूटिंग पूरी कर ली है। कीकू द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं।' कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक का सेट से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दोनों बहस कर रहे थे। जिसमें कीकू ने कहा, 'टाइमपास कर रहा हूं?' इस पर कृष्णा ने दुखी होते हुए कहा, 'तो फिर ठीक है आप कर लो। आप कर लो भाई कोई प्राब्लम नहीं है। मैं जाता हूं यहां से।' फिर कीकू बोले, 'बात ये है कि मुझे बुलाया है तो मैं अपना खत्म कर लूं पहले।'

# कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है इंस्पेक्टर झेंडे




**मुंबई।** 70-80 के दशक में बिकिनी किलर के नाम से मशहूर कुख्यात अपराधी चार्ल्स शोभराज को तो हर कोई जानता है, पर उसे दो बार पकड़ने वाले मुंबई पुलिस के दिलेर इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे के कारनामे कम ही लोगों को पता हैं। मनोज बाजपेयी की यह फिल्म 'इंस्पेक्टर झेंडे' हर हाल में अपनी ड्यूटी को आगे रखने वाले इसी कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है। 80 के दशक में सेट इस कहानी की शुरुआत स्विम सूट किलर कार्ल भोजराज (जिम सर्भ) के दिल्ली के तिहाड़ जेल से फरार होने की खबर से होती है। यह खबर सुनते ही मुंबई में दूध की लाइन में खड़े इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे (मनोज बाजपेयी) के कान खड़े हो जाते हैं। असल में, झेंडे 1971 में एक बार कार्ल को पकड़ चुके थे, लेकिन अब वह फरार हो गया। ऐसे में, कार्ल को दोबारा पकड़कर वह पुलिस के दामन पर लगा दाग मिटाना चाहते हैं। शहर के डीआईजी (सचिन खेडेकर) भी झेंडे पर भरोसा जताते हैं और उन्हें अपनी टीम के साथ कार्ल को दोबारा दबोचने के सीक्रेट मिशन पर लगा देते हैं। अब बेहद कम संसाधनों में कुल छह पुलिसवालों की छोटी सी टुकड़ी कार्ल भोजरात को पकड़ने निकलती है।

### मानवीय पहलुओं पर फोकस

मन में सवाल उठना लाजिमी है कि कार्ल जैसे कई देशों में मोस्ट वांटेड किलर को पकड़ना क्या इतना आसान है? चिन्मय डी मंडलेकर की लिखी और निर्देशित की इस फिल्म की खूबी यह है कि यह चोर-पुलिस वाली आम बॉलिवुडिया फिल्म की तरह नहीं है। यह अपने नायक को 'सिंघम' नहीं बनाती, बल्कि उसके मानवीय पहलुओं पर फोकस करती है। झेंडे वो पुलिसवाला नहीं है, जो एक घूंसे से छह गुंडों को चित कर देता है, बल्कि वो ऐसा हीरो है जो एक बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के भरोसे गोवा में कार्ल को खोजने निकल पड़ता है।

# द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है

**मुंबई।** मशहूर फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री की पॉलिटिकल थ्रिलर मूवी 'द बंगाल फाइल्स' शुक्रवार को भारत में सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह मूवी साल 1946 के बंगाल के उथल-पुथल भरे घटनाक्रमों को बयां करती है, जिसमें ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स, डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखाली दंगे शामिल हैं। इस मूवी को लेकर दर्शकों की तरफ से रिव्यूज भी सामने आने लगे हैं। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट जयसवाल ने 'द बंगाल फाइल्स' का रिव्यू लिखा, 'अब तक द बंगाल फाइल्स में सिमरत कौर का मोनोलॉग भूल नहीं पा रहा हूं। क्या जबरदस्त प्रदर्शन था, क्या बेहतरीन अदाकारा हैं वो। वाकई पुरस्कार के काबिल एक्टिंग।' एक यूजर ने फिल्म को हार्टब्रेकिंग बताया है तो दूसरे ने लिखा कि यह फिल्म आपको डराएगी और बेचैन कर देगी। एक यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है। एक ऐसा आईना जो दिखाता है कि बंगाल के रक्तरंजित अतीत को संयोग से नहीं, बल्कि साजिश के तहत दफनाया गया। यह फिल्म आपको न सिर्फ जो हुआ उस पर, बल्कि उन लोगों पर भी गुस्सा दिलाती है जो अब भी झूठ का बचाव कर रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए इसे शानदार, गंभीर और हिलाकर रख देने वाली फिल्म बताया है। लोगों से फिल्म देखने की अपील करते हुए यूजर का कहना है कि इस फिल्म को सच्चाई जानने के लिए देखना चाहिए। कुछ लोगों ने फिल्म को दिल दहला देने वाला अनुभव बताया।



### नोआखली दंगों पर आधारित

एक यूजर ने कहा कि यह फिल्म डायरेक्ट एक्शन डे (1946) की भयावहता को अपनी तीव्रता, बेहतरीन कहानी और दिल दहला देने वाले दृश्यों के साथ जीवंत करने का साहस कराती है। लोगों ने फिल्म के निर्देशन और पल्लवी जोशी व नमाशी चक्रवर्ती के अभिनय की भी तारीफ की है। एक अन्य यूजर ने फिल्म को आंखे खोल देने वाला बताया और ऐसी कहानी को दिखाने के लिए निर्देशक विवेक अग्निहोत्री का भी शुक्रिया जताया। एक और यूजर ने भी फिल्म की तारीफ की है। वहीं कई दर्शकों ने फिल्म को एक जरूरी फिल्म बताया है और इसे देखने की अपील की है। विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित 'द बंगाल फाइल्स' 1946 के कलकत्ता हत्याओं और नोआखली दंगों पर आधारित है।

## 80 साल की उम्र में आज भी रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को देती हैं सलाह

# रशियन एक्ट्रेस की खूबसूरती थी मेरा नाम जोकर का अट्रैक्शन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राज कपूर की अद्भुत फिल्मों में से एक 'मेरा नाम जोकर' भारतीय सिनेमा की सबसे लंबी फिल्मों में से एक मानी जाती है। उससे पहले 'संगम' ब्लॉकबस्ट हो चुकी थी, ऐसे में राज कपूर की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। राज कपूर, सिमी गरेवाल की इसी फिल्म से एक्टर के बेटे ऋषि कपूर डेब्यू करने जा रहे थे। इसी फिल्म में नजर आईं रशियन एक्ट्रेस क्सेनिया रयाबिनकिना, जिनकी खूबसूरती इस फिल्म का खास अट्रैक्शन थी। 80 की उम्र की दहलीज पर पहुंच चुकीं रयाबिनकिना आज भी क्सेनिया रयाबिनकिना रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को सलाह देती हैं। रयाबिनकिना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अपनी पर्सनल और प्रफेशनल लाइफ के किस्से भी शेयर करती हैं। क्सेनिया रयाबिनकिना का जन्म मॉस्को में हुआ था। उनका इस हिंदी फिल्म में आना भी किसी फिल्म के किस्से की तरह है। रयाबिनकिना की मां एक शानदार बैले डांसर थीं और पिता एक जियो-फिजिक्स डॉक्टर के घर हुआ था। बताया जाता है कि क्सेनिया रयाबिनकिना ने मॉस्को के बोल्शोई थिएटर में एक बैलेरीना (बैले डांसर) के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया था।



### रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार के रूप में

हालांकि, भारत में उन्हें आज भी लोग मरीना के नाम से ही याद करते हैं। राज कपूर की क्लासिकल फिल्म 'मेरा नाम जोकर' (1970) में रूसी सर्कस ट्रैपीज कलाकार (सर्कस में ऊंचाई पर रस्सियों के झूले पर झूलने वाले कलाकर) के रूप में 25 साल की इस एक्ट्रेस ने लोगों के दिलों पर ऐसा जादू चलाया कि में वो उनकी यादों में आज भी बसी हैं।

### जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है

इस फिल्म में राजू बने राज कपूर जब 'जैमिनी सर्कस' में काम करने पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात मरीना से होती है। मरीना अपने साथी कलाकारों से साथ रूस से सर्कस में काम करने भारत आती हैं। यहां स्टेज पर साथ काम करते करते राजू को मरीना से प्यार हो जाता है और मरीना भी राजू को पसंद करने लगती है। लेकिन, जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है। इसके बाद राजू टूट जाता है।

### ऑडिशन की जगह दिखाया लाइव परफॉर्मेंस

क्सेनिया रयाबिनकिना मिलना तो चाहती थीं, लेकिन उन्हें मना करना पड़ा। क्योंकि, उसी रात उनकी खुद की भी एक परफॉर्मेंस थी। एक्ट्रेस ने फोन करने वाले शख्स से कहा कि क्या ऐसा हो सकता है कि वो राज कपूर को थिएटर ले आएं? इसी बहाने राज कपूर उनकी परफॉर्मेंस भी देख लेंगे। उन्होंने ऐसा ही किया। वो कुछ लोगों के साथ ऑडिटोरियम पहुंचे और उन्होंने रयाबिनकिना की परफॉर्मेंस देखी।

### पहली फिल्म मेरा नाम जोकर नहीं

हालांकि, कहते हैं कि वो फिल्मों में काम नहीं करना चाहती थीं। बताया जाता है कि इन्हें हिंदी बोलना नहीं आता था, लेकिन पहली फिल्म ज़ार साल्टन मिली। दोस्तों के कहने पर वो तैयार हो गईं, जिसमें उनका छोटा सा किरदार था। फिल्म में उन्हें लोगों ने पसंद भी किया। इसके बाद करीब तीन साल के बाद वो 'मेरा नाम जोकर' में नजर आईं। इस बीच वो बैले डांस में खुद को बिज़ी रखती थीं।

### राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था

एक दिन उन्हें किसी ने फोन करके बताया कि मशहूर राज कपूर इस वक्त मॉस्को में ही हैं और वो एक बड़ी फिल्म बना रहे हैं । उन्हें बताया गया कि राज कपूर अपनी फिल्म के किरदार के लिए रशियन लड़की की तलाश कर रहे हैं। उन दिनों राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था।

### सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी

क्सेनिया रयाबिनकिना ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब उन्हें ये बताया गया था कि राज कपूर मॉस्को में हैं और उनसे जल्द वो मिलना चाहते हैं क्योंकि उन्हें भारत वापस भी लौटना है। रयाबिनकिना से मिलने से पहले राज कपूर कुछ और रूसी लड़कियों से भी मिल चुके थे और खासकर वो सर्कस की कलाकारों से मिले थे। क्योंकि, उन्हें अपनी फिल्म में मरीना के किरदार के लिए सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी।

## खबर संक्षेप

### घरेलू हिंसा को लेकर शिविर का आयोजन

**कुडेकेला।** प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला नीचे पारा धरमजयगढ़ तालुका धरमजयगढ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन व अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ श्रीमती प्रिया रजक के आदेशानुसार घरेलू हिंसा के अन्तर्गत शिविर का आयोजन किया गया। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 महिलाएं यहां पर भी आकर विधिक सहायता एवं कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते महिलाएं हेल्पलाइन नंबर 181 पर भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकतीं हैं। कानूनी अधिकार जागृति युनिट का प्रचार-प्रसार किया गया। वरिष्ठ माता-पिता भरण पोषण नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100 आगामी लोक अदालत प्रचार-प्रसार किया गया। वहां शिक्षक गढ़ एवं पैरा लिगल वालिंटियर उपस्थिति थे।

### जो जीता बाजी वही शिवा जी पर मन मोहक कार्यक्रम

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थापित श्रीराम युवा समिति द्वारा आयोजित गणेशोत्सव में जो जीता बाजी वही शिवा जी के कार्यक्रम के कारण हिन्दुत्व को बढावा मिला। इतिहास संशोधन के दिशा में जो जीता वहीं सिकन्दर के स्थान पर इसे स्थापित किए जाने की एक सफल प्रयास है जिसमें नगर के लोगों ही नहीं बल्कि आसपास के ग्राम के लोगों का श्रीराम युवा समिति के प्रति एक आदरभाव सामने आया है। जानकारी के मुताबिक जो जीता बाजी वही शिवा जी के बैनर तले 80 प्रतियोगिता हुए जिसमें बच्चो से लेकर बुजुर्गों ने भी भाग लिया। जिसमें महिलाएं भी शामिल रहीं। कार्यक्रम के बाद सभी प्रतियोगियों को वार्ड पार्षद व नगर उपाध्यक्ष उमेश साव के हाथों पुरस्कार वितरण हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, पार्षद रुपेश साव, पार्षद पति अंशु साव, पूर्व पार्षद सुरेश महाणा आदि शामिल रहे।

### चोरी के माल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**राउरकेला।** सेक्टर-7 थाना पुलिस ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित कुम्भार 20 वर्ष निवासी पार्क बस्ती, सेक्टर-17 और अजय मुना 33 वर्ष निवासी सेक्टर 17 के रूप में की है। इसके अलावा एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने इनके पास से चार गैस सिलेंडर, तीन मोबाइल फोन और एक स्कूटी जब्त किया है। मामला 25 अगस्त का है जब शिकायतकर्ता अमरनाथ दलाई 38 वर्ष निवासी सेक्टर 9 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घर से गैस सिलेंडर और दो मोबाइल फोन चोरी हो गए हैं। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी का सामान बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### सूने मकान से लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात चोरों ने सूने मकान में धावा बोलते हुए लाखों के सोने-चांदी के जेवरातों को पार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार तारक घोष शांति विहार कालोनी बड़े अतरमुडा ने थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह अपने मकान में अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता है और ट्रांसपोर्ट कंपनी में नौकरी करता है। गुरुवार को वह अपने काम पर गया था और उसकी पत्नी भी अपनी मां के घर गई थी। रात करीब 7.30 बजे उसकी पत्नी ने उसे फोन कर बताया कि घर में चोरी हो गई है। इस सूचना के बाद जब वह घर आया तो उसकी पत्नी ने उसे बताया की मकान के सारे दरवाजे, जिनमें सेंटर लॉक सिस्टम है, लॉक करके बेटी के साथ घर से निकली थी। जब वह वापस आई तो सामने का दरवाजा लॉक था, लेकिन बेडरूम का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखने पर आलमारी भी खुला हुआ था, जिसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। चोरी हुए सामानों की कीमत 2 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।







# छत्तीसगढ़ी लोकगायन, कथक, देवी स्तुति
# दिव्यांग बच्चों के सुरों ने दर्शकों का जीता दिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह 2025 की नौवीं संध्या सुर, ताल, नृत्य और भक्ति रस के अद्भुत संगम से सराबोर रही। शाम 5 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सतना की कुमारी नित्या शर्मा के शानदार कथक नृत्य से हुई। इसके बाद सारंगढ़ की सुश्री यामी वैष्णव और रायगढ़ की सुश्री युग रत्नम ने भी अपनी कथक कला से दर्शकों का मन मोह लिया। दुर्ग के तरुण शर्मा और उनके शिष्य सहारवी सिंह एवं रीति लाल ने गणेश वंदना, देवी स्तुति और शिव पंचाक्षरी पर आधारित भक्तिमय कथक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत और लोक कला का भी अनुपम संगम देखने को मिला। वहीं कार्यक्रम में जब प्रोजेक्ट दिव्य धुन के दिव्यांग बच्चों ने सुरों से सजी अपनी प्रस्तुति दी तो पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। सुरों की इस जादुई धुन ने दर्शकों को भावुक कर दिया और यह साबित कर दिया कि हुनर की कोई सीमा नहीं होती। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध कलाकार राम बोरगांवकर ने तबला वादन और मंगेश बोरगांवकर ने अपने गायन से दर्शकों का दिल जीत लिया। चेन्नई की श्रीमती गोपिका वर्मा ने मोहिनीअट्टम की प्रस्तुति से कार्यक्रम में समा बांध दिया, जबकि मुंबई के मोहित शास्त्री ने बांसुरी वादन की मधुर धुन से लोगों को भावविभोर कर दिया। नौवीं संध्या का समापन छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलाकार श्रीमती कविता वासनिक के लोक रंग की प्रस्तुति से हुआ। उनकी प्रस्तुति ने पूरे समारोह स्थल को संगीतमय कर दिया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चक्रधर समारोह की इस नौवीं संध्या में शास्त्रीयता, लोकभावना और भक्ति का अद्भुत मिश्रण देखने को मिला, जिसने भारतीय कला और संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरी।

### नन्हीं नृत्यांगना नित्या की कथक ने मोहा मन

सतना मध्यप्रदेश की बाल कलाकार नित्या शर्मा ने चक्रधर समारोह 2025 के मंच पर अपनी कथक प्रस्तुति से विशेष पहचान बनाई। भगवान गणेश की वंदना से प्रारंभ हुई प्रस्तुति में भाव, लय और ताल का ऐसा समन्वय देखने मिला जिसने प्रस्तुति को खास बना दिया। चार वर्ष की आयु से कथक का अभ्यास कर रही नित्या वर्तमान में उस्ताद अलाऊद्दीन खान संगीत महाविद्यालय सतना से माध्यमिक शिक्षा ले रही हैं। इस बाल कलाकार की कला को देखकर दर्शकों ने भरपूर सराहना की।

### यामी और साथियों ने किया मनमोहक प्रदर्शन

कथक बाल नृत्यांगना सुश्री यामी वैष्णव और साथियों ने अपनी अनुपम प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मां वैष्णवी संगीत महाविद्यालय सारंगढ़ की छात्रा यामी मात्र चार वर्ष की उम्र से कथक साधना कर रही हैं। उन्हें कथक की शिक्षा अपनी गुरु मां प्रीतिरुद्र वैष्णव एवं अंतरराष्ट्रीय कला गुरु पं. सुनील वैष्णव से मिली है। रायगढ़ घराने की विशेष बोलो की बंदिशों और तालों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यामी ने मंच पर कथक नृत्य की गहन बारीकियों को प्रस्तुत किया।

### युग रत्नम ने भाव, लय और ताल से सजाया मंच

14 वर्षीय राष्ट्रीय कथक नृत्यांगना सुश्री युग रत्नम ने शिव स्तुति की मनोहारी प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। नृत्य की हर मुद्रा और भाव में भक्ति का गहन स्वरूप दिखाई दिया, जिसने वातावरण को शिवमय बना दिया। रायगढ़ घराने से संबंध रखने वाली युग रत्नम बचपन से ही कथक की साधना कर रही हैं। उन्हें प्रशिक्षण श्रीमती प्रीति वैष्णव एवं श्री रुद्र नारायण वैष्णव से प्राप्त हुआ है। वर्तमान में वे मां वैष्णवी संगीत महाविद्यालय, सारंगढ़ की छात्रा हैं।

### चक्रधर समारोह में चला मोहिनीअट्टम का जादू

चेन्नई की विख्यात नृत्यांगना गुरु गोपिका वर्मा ने मोहिनीअट्टम की मोहक प्रस्तुति दी। उनकी मनोहर मुद्राएं और भावपूर्ण अभिव्यक्ति दर्शकों को केरल की शास्त्रीय नृत्य-परंपरा और अभिनय की आत्मा से रूबरू करा गईं। उन्होंने चित्रांगम, जमुना किनारे, विश्वेश्वरा रचनाओं पर आधारित प्रस्तुति में रसों को सजीव कर दिखाया। भक्ति और सौंदर्य से परिपूर्ण उनके नृत्य में कोमल गति, लयबद्ध ताल और सहज शैली का अद्भुत संगम देखने मिला।

### डॉ. राम की लयकारी से मंत्रमुग्ध हुआ सभागार

महाराष्ट्र के प्रख्यात तबला वादक डॉ. राम बोरगांवकर ने अपनी अनूठी प्रस्तुति से ऐसा समा बांधा कि पूरा सभागार तबले की थाप और स्वरलहरियों में डूब गया। बनारस तबला घराने की गौरवशाली परंपरा से जुड़े डॉ. बोरगांवकर ने अपनी सधी हुई उंगलियों से तबले पर गणेश स्तुति और बनारस घराने की विविध शैलियों में ऐसी प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ताल और लय की सटीकता का यह अद्भुत संगम चक्रधर समारोह का एक स्वर्णिम अध्याय बन गया।

### बांसुरी वादक मोहित की मधुर धुनों से गूंजा सभागार

मुंबई से पधारे सुविख्यात बांसुरी वादक मोहित शास्त्री ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार मंत्रमुग्ध हो उठा। शास्त्री ने शास्त्रीय रागों और पारंपरिक धुनों से कार्यक्रम की शुरुआत की। उनकी बांसुरी से निकली मधुर तानें सुर, ताल और लय का ऐसा संगम रच रही थीं कि दर्शक भावविभोर होकर झूम उठे। लोकधुनों को शास्त्रीय रंग में पिरोकर उन्होंने अपनी कला का अनूठा परिचय दिया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गडग़ड़ाहट से सराहा।

### कविता के लोकगायन की प्रस्तुति से झूमते रहे दर्शक

चक्रधर समारोह 2025 की नवमी संध्या में छत्तीसगढ़ की प्रख्यात लोकगायिका कविता वासनिक ने अपनी सुरीली आवाज और लोकधुनों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कविता और उनकी टीम अनुराग धारा परिवार ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देते हुए छत्तीसगढ़ महतारी और माटी के प्रति गहरा भाव प्रकट किया। उन्होंने लोकजीवन की झलक दिखाते हुए गाड़ी वाला रे, हरेली गीत, ददरिया बखरी के तुमा नार, जैसे लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए।



### गुरु तरुण और उनकी शिष्याओं ने बांधा समा

दुर्ग के सुप्रसिद्ध कथक नृत्याचार्य गुरु तरुण शर्मा और उनकी शिष्याएं शारवी सिंह परिहार तथा रीति लाल ने भाव, मुद्रा, लय और भक्ति का ऐसा संगम प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को गणेश, शिव और शक्ति की परम चेतना से जोड़ दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वमंगल मंगल्याय गणेश वंदना से हुई, जिसे स्वयं गुरु तरुण शर्मा ने प्रस्तुत किया। इसके बाद शारवी सिंह परिहार ने देवी स्तुति और रीति लाल ने शिव पंचाक्षरी स्तोत्र की प्रस्तुति दी।

### दिव्यांग बच्चों ने सुरों से जीत लिया दिल

चक्रधर समारोह के मंच पर जब प्रोजेक्ट दिव्य धुन के दिव्यांग बच्चों ने सुरों से सजी अपनी प्रस्तुति दी तो पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। सुरों की इस जादुई धुन ने दर्शकों को भावुक कर दिया और यह साबित कर दिया कि हुनर की कोई सीमा नहीं होती। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट दिव्य धुन के तहत दिव्यांग बच्चों का एक विशेष बैंड बनाया गया है, जिन्हें कला केंद्र रायपुर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## उद्यानिकी महाविद्यालय में मना शिक्षक दिवस

**कोतबा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कोतबा में अधिष्ठाता महोदय के सफल मार्गदर्शन में शिक्षक दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलीत कर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर मल्यार्पण किया गया।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अधिष्ठाता सहित उपस्थित सभी शिक्षकों का तिलक और मौली से अभिनन्दन किया। तत्पश्चात अधिष्ठाता श्री अरबिंद कुमार साय जी ने बताया की यह दिवस शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करने का अवसर होता है। यह दिवस केवल अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए ही नहीं अपितु कामकाजी एवं पेशेवर लोग भी इस दिन अपने शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित कर आर्शीवाद प्राप्त करें। उन्होनें बताया कि 05 सितम्बर 1962 को पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर प्रथम बार शिक्षक दिवस मनाया गया था। उन्होनें महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है उनके जीवन परिचय को संक्षिप्त रूप बताया की उन्होने भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति एवं राजदूत के रूप में कार्य किया। शिक्षण पेशे के प्रति उनका गहरा सम्मान था, समाज को आकार देने में शिक्षा की शक्ति में उनका दृढ़ विश्वास था, और शिक्षकों के योगदान का सम्मान करने की उनकी इच्छा थी। वे एक अनुकरणीय दार्शनिक, राजनेता और शिक्षक थे, और उनकी जयंती, मन को ढालने और एक बेहतर समाज के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने का एक तरीका है। उन्होनें कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में शिक्षकों की भूमिका को देवताओं से भी बढ़कर माना जाता है क्योंकि शिक्षक उस कुम्हार की तरह होते है जो जीवन की कच्ची मिट्टी को गढ़कर एक मजबूत घड़ा बनाते है। शिक्षक का योगदान कभी झुठलाया नहीं जा सकता और ना ही कभी उनका मूल्य चुकाया जा सकता है। उनके सानिध्य में हमें ज्ञान एवं अनुशासन की प्राप्ति होती है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. मुकेश खरसन, डॉ. अभिलाष मिश्रा, डॉ. ग्लोरिया, समस्त कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### आयुष्मान कार्ड बना जीवन रक्षा का आधार

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान योजना जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन रक्षा का आधार बन गई है। इस कार्ड से मरीज सरकारी अस्पतालों के साथ पंजिकृत नीजि अस्पतालों में भी उपचार का लाभ प्राप्त कर रहें हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में इस योजना के अंतर्गत मरीजों को लाभ प्राप्त हो रहा है। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. जीके जात्रा ने बताया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत जिले में 46 अस्पताल पंजिकृत किये गए हैं। इनमें 44 सरकारी और 2 नीजि अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों में अप्रैल 2025 से 15 अगस्त 2025 तक 16 हजार 61 मरीज इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर चुके हैं। सीएमएचओ डा जात्रा ने बताया कि गंभीर रोग से जुझ रहे मरीजों के लिए इस योजना में जिले के बाहर के पंजिकृत सरकारी और नीजि अस्पतालों में उपचार की सुविधा दी जाती है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**जशपुर।** परियोजना फरसाबहार के अंकिरा सेक्टर के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्र तुमला में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत पोषण माह मनाया गया। जिसमें ग्रामीण माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य जांच तथा साफ-सफाई पर चर्चा की गई तथा पोषक आहार की आवश्यकता के बारे में बताया गया। इस अवसर पर किशोरी बालिकाओं को विशेष तौर पर नियमित रूप से अपने हीमोग्लोबिन स्तर की जांच कराने तथा आयरन फोलिक एसिड की गोलियों का सेवन नियमित अंतराल में करने की सलाह दी गयी। इसके साथ ही उन्हें गोलियां भी प्रदान की गई।

**अंकिरा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत पोषण माह का आयोजन**

शिक्षक दिवस के अवसर पर पुराईनबंध सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्र गिरजाटोली में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों की प्राथमिक शिक्षक के रूप में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का ग्रामीणों द्वारा सम्मान किया गया। बच्चों ने भी आंगनबाड़ी दीदियों का सम्मान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अन्तर्गत पोषण माह एवं सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। सुपोषण चौपाल के तहत गर्भवती माताओं को खान-पान एवं स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके द्वारा ली जाने वाले आहार एवं उपयुक्त पोषण हेतु आवश्यक भोजन की जानकारी दी गई। उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्थानीय फल सब्जियों के सेवन की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पारंपरिक एवं स्थानीय व्यंजनों, साग-सब्जी की प्रदर्शनी लगा कर उनके पौष्टिक गुणों के संबंध में सभी को बताया गया। गर्भवती और शिशुवती माताओं को स्तनपान का महत्व और स्तनपान कराने के सही तरीकों के बारे में समझाया गया ।



## पेज 1 के शेष...

### हाथियों का आतंक...

चर्च को अपना निशाना बनाया। इस घटना से न सिर्फ ग्रामीण भयभीत हैं, बल्कि पूरे इलाके में आक्रोश और दहशत का माहौल फैल गया है। क्या कहते है गांव के बुजुर्ग- गांव के एक बुजुर्ग ने कहा रात भर हम लोग हाथियों के डर से जागते रहे। अब तो घर-आंगन में चैन से रहना भी मुश्किल हो गया है। सरकार और वन विभाग को ठोस कदम उठाने होंगे, वरना हालात और बिगड़ सकते हैं। बढ़ता मानव-वन्यजीव संघर्ष- हाथियों का यह उत्पात सिर्फ दोकड़ा तक सीमित नहीं है। जशपुर जिले के कई गांवों में पिछले कुछ महीनों से लगातार हाथियों का आतंक छाया हुआ है। खेतों की फसलें उजड़ रही हैं, कई बार घर टूटे हैं और लोगों की जान भी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि जंगल सिकुड़ने और हाथियों के प्राकृतिक रास्तों पर कब्जा होने से ये हाथी गांवों की ओर रुख कर रहे हैं।

### 25 साल की युवती...

गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पुलिस ने दिखाई तत्परता- प्रार्थी की रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही करते हुए चौकी कोतबा में आरोपिया के विरुद्ध बी एन एस की धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी विशेषज्ञों की सहायता से मिली खबर- विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा आरोपिया व नाबालिग बालक की लगातार पतासाजी की जा रही थी, जिसके लिए पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया था व पुलिस की टेक्निकल टीम की भी मदद ली जा रही थी, इसी दौरान पुलिस को पुलिस की टेक्निकल टीम व परिजनों के सहयोग से पता चला कि उक्त आरोपिया, नाबालिग बालक के साथ तेलंगाना राज्य अंतर्गत मेडचल मलकाजगिरी जिले में है, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के द्वारा एक पुलिस टीम गठित कर, आरोपिया व नाबालिक बालक को ढूंढने तेलंगाना राज्य रवाना किया गया था, जहां पुलिस की टीम के द्वारा मेडचल मलकाजगिरी जिले से आरोपिया के कब्जे से नाबालिग बालक को बरामद कर, आरोपिया को हिरासत में लेकर वापस लाया गया। शादी का प्रलोभन देकर भगाया,किया शारीरिक शोषण- पुलिस की पूछताछ पर नाबालिग बालक ने बताया कि आरोपिया के द्वारा उसे शादी का प्रलोभन देते भगा कर तेलंगाना राज्य ले जाया गया था। इस दौरान आरोपिया के द्वारा नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध भी स्थापित किया गया था। जिस पर पुलिस के द्वारा आरोपिया व नाबालिग पीड़ित बालक का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। मामले मेंआरोपिया के द्वारा नाबालिग पीड़ित बालक के साथ लैंगिक संबंध स्थापित करना पाए जाने पर उक्त कृत्य के लिए आरोपिया के विरुद्ध मामले में 6 पॉस्को एक्ट भी जोड़ी गई है।

मामले की विवेचन एवं गिरफ्तारी में इनकी रही भूमिका- मामले की कार्रवाई व आरोपिया की गिरफ्तारी तथा नाबालिग पीड़ित बालक की बरामदगी में चौकी प्रभारी कोतबा उप निरीक्षक बृजेश यादव, सहायक उप निरीक्षक अपलेजर खेस, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सनवानी, महिला आरक्षक तुलसी कोसले, आरक्षक बूटा सिंह, अमित साय व प्रवीण खलखो की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

